Roll No. .........................

**005/C**

Total No. of Questions : 16 ]

[Total No. of Printed Pages : 4

**SS**

**2038**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

**HINDI (Elective)**

**(Evening Session)**

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 90

*नोट :* *(i)* *अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड* **005/C** *अवश्य लिखें।*

*(ii)* *उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें टाइटल सहित 30 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।*

*(iii)* *उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/ पृष्ठों के पश्चात् हल किये गये प्रश्न /प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

*(iv)* *कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें।*

*(v)* *प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।*

*(vi)* *लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।*

*(vii)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

## भाग-क

1. (i) कवि 'प्रसाद' का पूरा नाम क्या है ? 1

(ii) निम्नलिखित कथन में रिक्त स्थान की पूर्ति करें - 1

जिस रचना में वर्णों की बार-बार आवृत्ति के कारण चमत्कार उत्पन्न हो, वहाँ ------- अलंकार होता है ?

(iii) निम्नलिखित पदों का समास करें :

लोभ और मोह 1

(iv) निम्नलिखित कथन में सही अथवा गलत लिखें :

'**त्रिफला**' शब्द का समास विग्रह होगा - 'तीन फलों का समूह' 1

(v) एक रीतिसिद्ध कवि का नाम लिखें। 1

(vi) 'दोहा' छंद के कितने चरण होते हैं ? 1

(vii) '**घनश्याम**' पद के निम्नलिखित में से सही समास-विग्रह विकल्प को चुनें :

(क) घन के लिए श्याम (ख) घन के समान श्याम

(ग) घन में श्याम (घ) घन से श्याम 1

(viii) 'शार्टकट सब ओर' निबन्ध के लेखक का नाम लिखें। 1

(ix) निम्नलिखित कथन में सही अथवा गलत लिखें :

मेरा घर मंदिर के सामने है। - वाक्य में 'मंदिर' पद का पद परिचय इस प्रकार होगा -

'मंदिर'- जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, समुच्चयबोधक 1

(x) निम्नलिखित प्रश्न का हाँ अथवा नहीं में उत्तर दीजिए :

'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता के कवि 'धर्मवीर भारती' हैं। हाँ अथवा नहीं 1

10×1=10

## भाग-ख

**2.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'मधुआ' कहानी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है ? 3

(ii) 'ठेस' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार प्रकट करें। 3 1×3=3

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'वापसी' एकांकी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है ? स्पष्ट करें। 3

(ii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के नाम की सार्थकता अपने शब्दों में लिखें। 3 1×3=3

**4.** (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

(i) आली म्हाने लागे वृन्दावन नीको !

घर घर तुलसी ठाकुर पूजा, दरसन गोविंद जी को !

निरमल नीर बहत जमना में, भोजन दूध दही को !

रतन सिंघासन आप बिराजे, मुगट धर्यो तुलसी को !

कुंजन-कुंजन फिरत राधिका, सबद सुनत मुरली को !

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, भजन बिना नर फीको !! 1+4=5

(ii) सोहत औढ़ें, पीत पटु, स्याम सलोने गात।

मनौ नीलमनि सैल पर, आतपु परयौ प्रभात।। 1+4=5

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) हुआ न यह भी भाग्य अभागा,

किस पर विफल गर्व अब जागा ?

जिसने अपनाया था, त्यागा;

रहे स्मरण ही आते।

सखि, वे मुझसे कहकर जाते।। 1+4=5

(ii) गति प्रबल पैरों में भरी

फिर क्यों रहूँ दर-दर खड़ा

जब आज मेरे सामने

है रास्ता इतना पड़ा

जब तक न मंज़िल पा सकूँ, तब तक न मुझे विराम है,

चलना हमारा काम है।। 1+4=5

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) धन की दुनिया में अमीर गरीब, बादशाह-कंगाल का फर्क है। पर खुशकिस्मती से समय के साम्राज्य में ऊँच-नीच का भेदभाव नहीं है। वक्त के निज़ाम में सब बराबर हैं, उसमें आदर्श लोकतंत्र है। 1+4=5

(ii) देखूँ कैश बॉक्स कैसे हथियाते हैं। खिलाएँ हम, रखें हम, प्यार करें हम, सेवा करें हम, दान पुण्य करें हम और माल ले जायें ये, जो उनके कुछ भी नहीं, नौकरों की तरह जिन्हें रखा, आज वे उनके सगे बन गए। 1+4=5

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए :

(i) 'रीढ़ की हड्डी' एकाँकी के आधार पर उमा का चरित्र चित्रण लिखें। 5

(ii) 'तत्सत' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखें। 5 1×5=5

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'जफरनामा' के विषय में आप क्या जानते हैं ? 'गुरु गोबिन्द सिंह' निबन्ध के आधार पर लिखें। 3

(ii) वे कौन से विकार हैं जो मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं ? 'क्या निराश हुआ जाए ?' निबन्ध के आधार पर लिखें। 3

1×3=3

8. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) बिहारी के अनुसार लालची व्यक्ति का कैसा स्वभाव होता है ? 3

(ii) सूरदास ने बाल-क्रीड़ा का मनोवैज्ञानिक रूप से कैसे वर्णन किया है ? 3

1×3=3

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'निर्माण योजना' कविता का सार लिखो। 3

(ii) 'पौधों की पीढ़ियाँ' युग सत्य को उद्भासित करती हैं, स्पष्ट करें। 3 1×3=3

## भाग-ग

9. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए :

(i) रीतिकाल की सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। 5

(ii) गुरु गोबिन्द सिंह जी का साहित्यिक परिचय दीजिए। 5 1×5=5

10. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए :

(i) आधुनिक काल की आर्थिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। 5

(ii) प्रयोगवादी साहित्य की कोई दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5 1×5=5

## भाग-घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए –

(i) सद्‌चरित्रता

(ii) बेरोज़गारी की समस्या

(iii) शहीद भगत सिंह

(iv) यदि मैं शिक्षा मंत्री होता 2+6+2=10

## भाग-ङ

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए :

(i) उपमा 5

(ii) रूपक 5 1×5=5

**13.** निम्नलिखित में से किसी **एक** छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए :

(i) सवैया 5

(ii) चौपाई 5 1×5=5

**14.** निम्नलिखित अंग्रेज़ी शब्दों में से किन्हीं **चार** के हिन्दी में पर्याय लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | JURISDICTION | 1½ | (ii) | MINORITY | 1½ |
| (iii) | OVER WRITING | 1½ | (iv) | PETITIONER | 1½ |
| (v) | RATIO | 1½ | (vi) | VENUE | 1½ |

1½×4=6

**15.** निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें।

ਜਿਸ ਸ਼ਰੀਰ ਨੇ ਕਦੇ ਖੇਚਲ, ਮਿਹਨਤ 'ਤੇ ਕਸ਼ਟ ਦਾ ਮੂੰਹ ਨਹੀਂ ਵੇਖਿਆ ਉਸ ਵਿੱਚ ਬਰਕਤ ਤੇ ਰੌਣਕ ਕਿਵੇਂ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਜਿਸ ਬਿਰਛ ਨੂੰ ਨਾ ਫੁੱਲ ਹੈ ਨਾ ਫਲ ਹੈ ਨਾ ਉਸ ਦੀ ਠੰਡੀ ਛਾਉਂ ਹੈ, ਆਮ ਕਰਕੇ ਉਹ ਬਾਲਣ ਬਣਾ ਕੇ ਚੁੱਲ੍ਹੇ ਵਿੱਚ ਫੂਕ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਮਨੁੱਖੀ ਸਰੀਰ ਕਾਰ ਲਈ ਬਣਿਆ ਹੈ । ਕਾਰ ਨਾ ਕਰਨਾ ਸਰੀਰ ਦੇ ਗੁਣ ਨੂੰ ਅਕਾਰਥ ਗੁਆਉਣਾ ਹੈ । 5

**16.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(i) आपका नाम अमित है। आपका सेक्टर-18 पंचकूला में एक आठ मरले का मकान है। आप इसे बेचना चाहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 1582388800 है, जिस पर मकान खरीदने के इच्छुक आपसे सम्पर्क कर सकते हैं। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मकान बिकाऊ है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

(ii) आपका नाम विनोद मेहरा है। आप 'सरस्वती विद्या मंदिर' स्कूल में पढ़ते हैं। आप स्कूल के क्लब के सांस्कृतिक सचिव हैं। आपके स्कूल द्वारा एक युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आप सचिव होने के नाते विद्यालय के विद्यार्थियों को इस उत्सव में भाग लेने के लिए एक सूचना तैयार करके लिखिए। 4